BSES
BSES Yamuna Power Limited

SYNERGY

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

अगस्त – 2015

बीवाईपीएल की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अब अपने मोबाइल ऐप से बिजली गुल की शिकायत दर्ज करें



अब बीवाईपीएल उपभोक्ताओं को बिजली गुल से संबंधित शिकायतें दर्ज कराने के लिए एक अतिरिक्त सुविधा मिल गई है। बीवाईपीएल ने स्मार्ट फोन के लिए हाल ही में एक यूजर फ्रेंडली, मोबाइल ऐप लॉन्च किया है, जिसके माध्यम से उपभोक्ता बिजली के बारे में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

''बीएसईएस ऐप'' नामक इस मोबाइल ऐप के जरिए बीवाईपीएल के उपभोक्ता आसानी से ''बिजली गुल'', ''स्ट्रीट लाइट'' और ''आपातकालीन (आग और दुर्घटना)'' संबंधी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

शुरुआत में यह सुविधा एंड्रॉयड फोन पर उपलब्ध है। उपभोक्ता बीएसईएस की वेबसाइट www.bsesdelhi.com से इसे डाउनलोड कर सकते हैं, जोकि कंजयुमर सर्पोट सेक्शन पर उपलब्ध है। गूगल प्ले से भी इसे डाउनलोड किया जा सकता है।

आसान किस्तों पर एलईडी बल्ब्स

ईईएसएल द्वारा डोमेस्टिक एफिशिएंट लाइटिंग प्रोग्राम यानी डीईएलपी के तहत एलईडी बल्ब्स का वितरण किया जा रहा है। बीवाईपीएल के डिविजन ऑफिसों में लगे ईईएसएल के काउंटरों से, प्रति बिल चार एलईडी बल्ब्स, 93 रुपये प्रति बल्ब के हिसाब से (एमआरपी प्रति बल्ब 350 से 500 रुपये) खरीदे जा सकते हैं। शुरुआत में 10 रुपये प्रति बल्ब के हिसाब से भुगतान करें और बाकी बची रकम का भुगतान 9 किस्तों में करें।

अधिक जानकारी के लिए बीवाईपीएल के अपने निकटतम डिविजन ऑफिस में संपर्क करें या फिर लॉगऑन करें – www.eeslindia.org/DELP-Delhi

सुरक्षित रहें, बिजली उपकरणों से दूर पतंगबाजी करें

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देश भर में बड़े पैमाने पतंगबाजी इसका अभिन्न हिस्सा है। लेकिन कभी – कभार इसकी वजह से भारी नुकसान और खतरा पैदा हो जाता है। यह जानलेवा भी हो जाता हे। मेटल–युक्त मांझे, जो ऊर्जा का सुचालाक है, के इस्तेमाल से न सिर्फ पतंग उड़ाने वाले की जान को जोखिम हो सकता है बल्कि आपके इलाके की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो सकती है।

- मेटल–युक्त मांझे के प्रयोग से ट्रिंपिंग की संभावना बढ़ जाती है, यहां तक कि बिजली का करंट भी लग सकता है।
- पतंगबाजी की वजह से अगर 33/66 केवी की एक लाइन ट्रिप होती है, तो करीब 10,000 लोगों की बिजली ठप हो सकती हे। और यदि 11 केवी की एक लाइन ट्रिप होती है, तो लगभग 2500 लोगों की बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है।

बिजली चोरी कानूनी अपराध

विद्युत अधिनियम 2003 के तहत अनाधिकृत एवं गैर कानूनी तरीके से बिजली का इस्तेमाल करना जुर्म है। इस अधिनियम के तहत भारी जुर्माने का प्रावधान है। यह गैर जमानती अपराध है, जिसके तहत तीन साल तक जेल की सजा / जुर्माना या दोनों भी हो सकते हैं। दूसरे जुर्म के लिए सजा पांच साल तक हो सकती है।

ईमानदार उपभोक्ता होने के नाते, बिजली चोरी के खिलाफ मुहिम में बीवाईपीएल की मदद करें। बिजली चोरी की सूचना 399-99-808 पर दे सकते हैं। आपकी पहचान को गोपनीय रखा जाएगा।

एमडीआई

1. **मैक्सिमम डिमांड इंडिकेटर या एमडीआई क्या है ?**

   बिजली के मीटर द्वारा किसी भी बिलिंग अवधि में, लगातार 30 मिनट या उससे अधिक समय तक रेकॉर्ड की गई बिजली की उच्तम/सर्वोच्च/सर्वाधिक मांग को एमडीआई या मैक्सिमम डिमांड इंडिकेटर कहते हैं।

2. **किस आधार पर बिजली का लोड रिवाइज किया जाता है, या बढ़ाया – घटाया जाता है ?**

   डीईआरसी के निर्देशों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष के दौरान आपके घर/दफ्तर में बिजली की खपत के बढ़ने या घटने के आधार पर आपके सैंक्शंड लोड को बढ़ाया या घटाया जाता है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान तीन उच्चतम/सर्वोच्च/सर्वाधिक एमडीआई का जो औसत निकलता है, उसे ही अगले वित्त वर्ष के दौरान आपका रिवाइज्ड/सैंक्शंड लोड माना जाता है।

3. **एमडीआई के आधार पर जिस तरह लोड स्वतः बढ़ाया गया था, उसी तरह लोड को स्वतः क्यों नहीं घटाया जाता ?**

   डीईआरसी के निर्देशों के अनुसार, एमडीआई कम होने की स्थिति में, लोड घटाने के लिए, बिजली वितरण कंपनी पहले उपभोक्ता की सहमति लेगी। अगर उपभोक्ता अपनी सहमति देता है, तो इसे अगले बिलिंग चक्र में पूरा किया जाएगा।

आपकी सेवा में 24x7 फोन 399-99-808

अपने फीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस
बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा,
दिल्ली-110032, सीआईएनः U74899DL2001PLC111525
फोनः 011-399-99-808, वेबसाइटः www.bsesdelhi.com

एसएमएस

टाइप करें–बीएसईएस वाईपी, स्पेस दें, एनसी लिखें, स्पेस दें, नौअंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5616108 पर भेज दें

आईवीआरएस

अपने रजिस्टर्ड फोन नंबर से 399-99-808 पर फोन करें, बिजली गुल के लिए 1 दबाएं, और आईवीआरएस आधारित सेवाओं के लिए आप्शन 2 चुनें। आपका अनुरोध अपने आप ही रजिस्टर्ड हो जाएगा। अगर आप किसी रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं, तो कृपया अपना सीए नंबर पंच करें, आपकी रिक्वेस्ट स्वतः रजिस्टर हो जाएगी।

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032 के लिए, फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारामुद्रित

बिजली के करंट / शॉक की आशंका हो, तो तुरंत फोन करें: 011 41999808